# जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकःजीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2025/2790 दिनांक : 25.06.2025

//स्मरण-पत्र//

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

**विषयः- अंकसूची वितरण किये जाने के सम्बंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं की अंकसूचियों को वितरण हेतु महाविद्यालय की ओर भेज दिया जाता है। किन्तु महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों को अंकसूचियों का वितरण न किये जाने के कारण विश्वविद्यालय के विरूद्व सी0एम0 हेल्प लाईन पर शिकायत की जाती है जिससे विश्वविद्यालय की छबि खराब हो रही है तथा उच्च शिक्षा विभाग की सी0एम0 हेल्पलाईन की ग्रेडिंग प्रभावित होती है। इस सम्बंध में विश्वविद्यालय के द्वारा पत्र क्रमांक जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2025 /2726 दिनांक 11.06.2025 के द्वारा समस्त महाविद्यालय के प्राचार्यों को सूचित किया गया था लेकिन आज दिनांक तक कुछ महाविद्यालयों के द्वारा परीक्षार्थियों को अंकसूचियों का वितरण नहीं किया गया है।

अतः समस्त सम्बंधित प्राचार्यों को सूचित किया जाता है कि वे अपने महाविद्यालय के परीक्षार्थियों को बुलाकर समय पर अंकसूचियों का वितरण कराना सुनिश्चित करें तथा पावती अपने पास आवश्यक रूप से सुरक्षित रखे। यदि किसी परीक्षार्थी को अंकसूची का वितरण समय न होने के कारण सी0एम0 हेल्प लाईन की शिकायत प्राप्त होती है और कोई अप्रिय स्थिति निर्मित होती है तो इसकी समस्त जबाबदेही महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी और सम्बंधित महाविद्यालय की सम्बद्वता समाप्ति की कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। साथ ही यदि शासन द्वारा कोई अन्यथा कार्यवाही की जाती है तो उसके लिये प्राचार्य एवं संचालक स्वंय उत्तरदायी होंगे।

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपिः-**

1. आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग म0प्र0शासन भोपाल।
2. अपर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग म0प्र0 शासन भोपाल।
3 अधिष्ठाता, महाविद्यालयीन विकास परिषद, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. माननीय कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
5. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।

**सहायक-कुलसचिव(परीक्षा)**